कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

राजधानी व न्यायधानी को पछाड़ रायगढ़ स्वच्छता रैंकिग में निकला आगे

0 500 शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में रायगढ़ 104 में
0 राज्य में 9 में से 5वां स्थान

रायगढ़ः—

भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 में राजधानी व न्यायधानी को पछाड़ कर रायगढ़ नगर निगम आगे रहा। 500 शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में रायगढ़ 104 नंबर पर रहा। सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर प्रदर्शन को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों खुशी की लहर है।

27 से 29 जनवरी तक दिल्ली की टीम द्वारा रायगढ़ नगर निगम का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से शहर की स्वच्छता की स्थिति, ओडीएफ, ठोश अपशिष्ठ प्रबंधन, सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम ने स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तय हर एक मापदंड की जांच की। इस दौरान टीम ने शहर की जनता से भी स्वच्छता के संबंध में फीडबैक लिया। कुल 2000 अंकों के लिए सर्वेक्षण हुआ, जिसमें 1200 से ज्यादा अंक रायगढ़ नगर निगम ने प्राप्त किया। रैंक के हिसाब से रायगढ़ नगर निगम को 500 शहरों में 104 में रखा गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत एक लाख से ऊपर जनसंख्या वाले प्रदेश के 9 नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए चुना गया था, जिसमें रायगढ़ नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पांचवे

स्थान प्राप्त किया। महापौर माननीय मधु बाई ने कहा कि उन्होंने कहा कि सफलता के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की है। इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों ने भी बेहतर साथ दिया। सभी के सहयोग से रायगढ़ नगर निगम को यह बड़ी सफलता मिली। सभापति श्री शेख सलीम नियारिया ने कहा कि नगर निगम परिवार व सभी के संयुक्त प्रयास ने रायगढ़ नगर निगम का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा स्वच्छता के क्षेत्र में अब रायगढ़ एक नहीं कई कदम आगे है। नगर निगम के स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 प्रभारी अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा ने बताया कि नगर निगम रायगढ़ के लिए यह गौरव की बात है। सीमित संसाधन होते हुए भी रायगढ़ नगर निगम सर्वेक्षण में भाग लेने वाले टॉप 100 शहरों के आसपास है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बेहटर टीम वर्क को दिया।

————————————————

टॉप में आने होगा बेहतर प्रयास

आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में 500 शहरों में 396 शहरों को पीछे छोड़ते हुए 104 वॉ स्थान प्राप्त करना हमारे लिए गर्व की बात है। आने वाले समय पर सर्वेक्षण फिर चलेगा। इसी तरह भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन और राज्य शासन की मिशन क्लीन सिटी योजना चल रही है। इसमें भी बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तय लक्ष्य के तहत शौचालय निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों से शहर को खुले में शौच मुक्त करने अपील की।

——————————————

यह है रैंकिंग की स्थिति

राज्य के 9 नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल किया गया था। इसमें अंबिकापुर 15वें, भिलाई 54वें, कोरबा 77, दुर्ग 85, रायगढ़ 104, रायपुर 129, राजनांदगांव 164, बिलासपुर 179 व जगदलपुर 232वें स्थान पर रहे।

———————————————

समस्त वार्ड ओडीएफ होने से होती स्थिति बेहतर

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अलग–अलग मापदंड तय थे। इसमें ओडीएफ के लिए 100 अंक निर्धारित थे। वर्तमान में निगम के अंतर्गत 11 वार्डों को ओडीएफ किया गया है। अगर ओडीएफ वार्डों की संख्या ज्यादा होती, तो रैंकिग में भी और सफलता मिलती। ज्यादा संख्या में वार्ड ओडीएफ होते तो प्रदेश में रायगढ़ के टॉप 3 में आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आने वाले समय में पूरे शहर को ओडीएफ करने का लक्ष्य रखा गया है।

————————————————

एसबीएम सेल के यह हैं सदस्य

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने विशेष समिति एसबीएम सेल का गठन किया था, जिसमें नोडल अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा, विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव, सहायक नोडल अधिकारी सहा. जनसंपर्क अधिकारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, आईटी प्रभारी श्री सुमित केशरवानी व श्री मकरध्वज मालाकार, नीतू अग्रवाल, सफाई प्रभारी श्री सूर्यमणि तिवारी, श्री रामायण पाण्डेय, श्री राजेश पाण्डेय, अरविंद द्विवेदी, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी श्री मोतीचंद जैन, तकनीकी प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री आरके भोजसिया, कु. योगिता पटेल, कु. प्रेरणा दुबे एंव अन्य सदस्यों में एनयूएलएम प्रबंधक श्री विक्रम राणा, श्री गुरुदेव दास, श्री गौरीशंकर नामदेव शामिल थे।